अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### रंजिश को लेकर दंपति को लाठी डंडों से पीटा

**सौरिख।** पुरानी रंजिश को लेकर दंपति को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए जांच शुरू की। थाना क्षेत्र के गांव बैसिया प्रीतम सिंह पुत्र कल्यान सिंह पाल ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर बताया कि 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पत्नी सुशीला देवी दरवाजे पर बैठी थी। इस समय पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही बांकेलाल पुत्र कल्यान सिंह, उसका पुत्र गंभीर, बहू कल्पना, पुत्री पूजा ने एक राय होकर लाठी डंडों से पत्नी पर हमला बोल दिया। शोर गुल सुनकर वह उसे बचाने के लिए आया तो उपरोक्त लोगों ने लाठी डंडों से उस पर भी हमला कर दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अभी तक दोनों लोगों का इलाज चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आंबेडकर के पोस्टर जलाए, मुकदमा दर्ज

**सौरिख।** आंबेडकर जयंती के दूसरे दिन अराजक तत्वों ने गांव में लगे डाक्टर भीमराव अंबेडकर के साथ आजाद समाज पार्टी के पोस्टर बैनर फाड़कर जला दिए। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने एक नामजद समेत तीन चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सौरिख थाना क्षेत्र की बेहटा रामपुर ग्रामसभा का मजरा उड़ेलापुर दलित बाहुल्य हैं। 14 अप्रैल आंबेडकर जयंती पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने उनके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के बैनर पोस्टर गांव में लगाए थे। दूसरे दिन 1 वुधवार को गांव के ही सागर पुत्र बलबीर ने अपने तीन चार साथियों के साथ पोस्टर बैनर उतार कर उन्हें आग के हवाले कर दिया।

### सड़क हादसों में दो महिलाएं हुई घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गईं। नगर के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी शकील शाह की 35 वर्षीय पत्नी आबिदा 11 वर्षीय पुत्र सैफ रजा के साथ ग्राम सराय अगहत रिश्तेदारी में गई थी। वहां से टेंपो से लौट रही थी तभी सामने से आ रही एक बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसे में आबिदा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि पुत्र बच गया। घटना होते ही चालक टेंपो लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला को तत्काल सौ शैया अस्पताल भर्ती कराया। दूसरी घटना में ग्राम जरारा निवासी 48 वर्षीय रामवती पत्नी शिव कुमार ने छिबरामऊ दवा लेने आई थी। दवा लेकर वापस बाइक से ने घर जा रही थी, तभी रास्ते में एक ऊंचे स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछल गई। रामवती सड़क पर गिरकर घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### सर्किल रेट की बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन


**तिर्वा।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अनिल कश्यप ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सर्किल रेट की बढ़ोतरी करने पर किसानों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके विरोध में तहसील की न्यू बार एसोसिएशन, लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्षों तथा अधिवक्ताओं ने 15 से 18 अप्रैल तक न्याय कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।

### शराब ठेका हटाने को लेकर किया हंगामा

**मानीमऊ।** सदर कोतवाली के मानीमऊ क्षेत्र तिखवा के सामने शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर स्थानीय महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। तिखवा गांव के सामने नेशनल हाईवे के किनारे बसा छोटा सा गांव पंचमपुरवा में देशी शराब की दुकान कई वर्षों से चल रही है। बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे गांव से दो दर्जन से अधिक महिलाएं दुकान पर आ धमकीं। प्रदर्शन कर ठेका बंद करने की मांग करने लगीं। महिलाओं का कहना था दुकान दूसरी जगह शिफ्ट की जाये। आरोप है कि ठेका खुलने से गांव के लोग अधिक शराब पीने लगे हैं। आए दिन नशे में धुत लोग गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# 97.4 प्रतिशत अंक पाकर उदित अवस्थी ने बढ़ाया मान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



उदित अवस्थी अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीबीएसई ने हाईस्कूल का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें आशा पब्लिक स्कूल के छात्र उदित अवस्थी ने सर्वाधिक अंक 97.4 प्रतिशत प्राप्त कर परिजनों समेत गुरुजनों का मान बढ़ाया है।

उदित मकरंदनगर के गदनपुरबड्डू मोहल्ला निवासी नितिन अवस्थी व अर्पणा अवस्थी के बेटे हैं। वे अपनी इस सफलता का श्रेय माता व पिता के साथ ही गुरुजनों को भी देते हैं। वे बताते हैं कि उन्होंने निरंतर 4 घंटे पढ़ाई करके यह सफलता पाई है लेकिन वे अभी संतुष्ट नहीं हैं। कहते हैं उनका लक्ष्य तो 100 प्रतिशत अंक लाने का था और अब वे ज्यादा मेहनत करेंगे ताकि आगे वे इस लक्ष्य तक पहुंच सकें। उनकी इस सफलता पर माता पिता के अलावा शुभचिंतकों ने खुशी जताई है। खास बात यह है कि उनका मां एक पब्लिक स्कूल में शिक्षिका हैं और शुरू से ही उन्होंने बेटे को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। उदित का लक्ष्य इंजीनियर बनने का है।

# सुभाष एकेडमी के अपूर्व ने 95.6% अंकों के साथ लहराया परचम

संवाददाता,छिबरामऊ




मेधावी छात्र को मिठाई खिलाते डायरेक्टर राजेश सक्सेना अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में छिबरामऊ के सुभाष एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

होनहार छात्र अपूर्व सिंह ने 95.6% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। बनवारी नगर, छिबरामऊ के निवासी अपूर्व के पिता प्रतापभान सिंह और माता ज्योति सिंह ने अपने बेटे की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। आयुष कुशवाहा को 91.4%, पावनी को 91.2%,आराध्या गुप्ता, अधीराज एवं कृष्णा को 90.4%, आदित्य कुशवाहा, अनंत, प्रजनीश एवं अनुष्का को 90% अंक मिले हैं। एकेडमी के डायरेक्टर राजेश सक्सेना एवं प्रधानाचार्य प्रवीण यादव ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई और फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।



राज शेखर
92.6%
जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी, कन्नौज।



सार्थक
92.2%
जवाहर नवोदय विद्यालय, अनौगी, कन्नौज



अक्षरा
90%
जवाहर नवोदय विद्यालय, अनौगी, कन्नौज।

# जलालाबाद के मेधावी भी चमके

**जलालाबाद, कन्नौज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा हाई स्कूल का परिणाम घोषित होने पर छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र राजशेखर ने 92.6 प्रतिशत, सार्थक ने 91.2 प्रतिशत व अक्षरा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडे ने बताया कि हाई स्कूल में कुल 43 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 42 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ शहर की महिलाओं ने एक्सईएन को घेरा

## हंगामा देख एक्सईएन ने पुलिस को फोन कर जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



बिजली दफ्तर में एक्सईएन का घेराव कर प्रदर्शन करतीं महिला उपभोक्ता अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्मार्ट मीटर को लेकर शहर की महिलाओं ने बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अधिशाषी अभियंता बिजली का घेराव किया। हंगामा देख पुलिस को बुलाया गया। इसके बाद महिलाएं शांत हुईं।

बुधवार को स्मार्टमीटर से हो रही बिजली कटौती के खिलाफ शहर के कई मोहल्लों की महिलाएं बिजली कार्यालय जा पहुंचीं। यहां एसडीओ के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। वहां किसी अधिकारी के न मिलने पर वह अधिशाषी अभियंता के कार्यालय पहुंचीं। यहां प्रदर्शन किया। किसी अधिकारी के बाहर न निकलने पर वह एक्सईएन के कार्यालय में घुस गईं जहां समस्या बताते हुए घेराव किया। हंगामा देख एक्सईएन ने कोतवाली पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी देकर बुला लिया। पुलिस पहुंची और एक्सईएन मगन सिंह का घेराव किये महिलाओं को दफ्तर से बाहर निकाला। महिलाओं का आरोप था

- **महिलाओं का आरोप था कि उनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं जिनमें बिल अधिक आता है**

कि उनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं। यह मीटर लाभ कम दिक्कत अधिक दे रहे हैं। मेहनत मजदूरी कर किसी तरह उनका घर चलता है। स्मार्ट मीटर लगे होने से रिचार्ज समाप्त होने पर बिजली कट जाती है। इसके अलावा बेतहाशा बिल आ रहा है। मांग की कि पुराने मीटर को ही लगाया जाये। पहले उनका बिल पांच से छह सौ रुपये आता था अब 1000 से 1500 रुपये आने लगा है। बिल जमा कर देने के बाद भी बिजली कट जाती है।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि बार-बार रिचार्ज कराने की वजह से उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस के पहुंचने पर महिलाएं बाहर तो निकल आईं पर चेतावनी दी कि समस्या का निदान न किया गया तो इससे भी तेज प्रदर्शन किया जायेगा। दो घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद पुलिस के कहने पर महिलाये घर चली गई।

### किसान दिवस में भी स्मार्ट मीटर की समस्या उठी

**कन्नौज।** कृषि भवन सभागार में हर महीने के तीसरे बुधवार की तरह इस बार भी किसान दिवस मनाया गया। इसमें किसानों ने स्मार्ट मीटर लगाने व उसकी वजह से अधिक बिल आने की समस्या बताई। लो-वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या कृषकों ने उठाई। उप निदेशक कृषि संतोष यादव को किसानों ने बताया कि इन दिनों मक्का फसल में सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है। दिन में लो वोल्टेज से सबमर्सिबल से सिंचाई नहीं हो पाती है। रात में कटौती होती है या फिर वोल्टेज कम आते हैं। बिजली के स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आ रहा है लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कृषि मंडी समिति कन्नौज में तौल के दौरान एक ही पर्ची दी जा रही है। किसानों को तौल के लिए दो पर्ची दी जाएं। किसानों ने कुछ सरकारी नलकूप बंद होने की समस्या भी बताई लेकिन बैठक में नलकूप विभाग के अधिकारी न होने व कर्मचारी के जानकारी न होने से समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

# शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना देगा शिक्षक संघ

**तिर्वा।** हसेरन कस्बे के बीडी इंटर कॉलेज में बुधवार को माध्यमिक शिक्षक संघ के शर्मा गुट की एक बैठक का आयोजित की गई

बैठक को संबोधित करते माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक शिक्षकों की समस्याओं की निरंतर अनदेखी कर रहे हैं। अपनी समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ दो मई को जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर धरना देगा। विक्की यादव ने कहा कि शिक्षको की समस्याओं के निदान के लिए वह हमेशा तैयार है। बैठक से पहले शिक्षको ने प्रादेशिक मंत्री श्रीकृष्ण यादव के आकस्मिक निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक का संचालन सुशील कुमार तिवारी ने किया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तौकीर रजा, जिला मंत्री महेन्द्र भारती, सुरेश यादव, सुनील कुमार तिवारी, डॉ. अंकित यादव ने बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम में योगेन्द्र सिंह यादव, अमित भारती, योगेन्द्र अम्बेडकर, अरविन्द कुमार, बृजेश कुमार, प्रमोद यादव, बृजभान सिंह शाक्य सहित सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।




सम्मानित होने के बाद खुशी मनातीं सहायक अध्यापक दीपा त्रिपाठी व प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया। अमृत विचार

# लखनऊ में सम्मानित हुईं दीपा त्रिपाठी व गुंजन भदौरिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जिले की दो महिला शिक्षकों को राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान 2026 मिला**

**अमृत विचार।** लखनऊ में आयोजित हुए राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान 2026 से जिले की दो महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इसमें 88 नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। इन सभी को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मान से नवाजा गया।

विकास खंड गुगरापुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुसुमखोर की सहायक अध्यापक दीपा त्रिपाठी और सदर ब्लॉक इलाके के प्राथमिक स्कूल बहादुरपुर उज्जैना की प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया को यह सम्मान दिया गया है। सहायक अध्यापक ने बताया कि इस आयोजन में शैक्षिक संवाद मंच के लोगो और आठ पुस्तकों का भी विमोचन हुआ। उत्तर प्रदेश के जिलों से बेसिक शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

# स्टे ऑर्डर की धज्जियां उड़ा जेसीबी से ढहाया निर्माण

संवाददाता,छिबरामऊ



जानकारी देता वृद्ध अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्टे ऑर्डर के बावजूद क्षेत्र के दबंगों ने अवमानना करते हुए एक व्यक्ति के प्लॉट पर जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ कर दी।

शनिवार की सुबह विपक्षी अपने बेटों व अन्य साथियों के साथ जेसीबी लेकर मौजा लालकपुर स्थित रामप्रकाश के प्लॉट पर पहुंचे। उन्होंने कोर्ट द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश की अनदेखी करते हुए प्लॉट पर बनी नींव और भरी गई ईंटों के ढेर को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। जब पीड़ित रामप्रकाश पुत्र बुद्धसेन (निवासी बाबा की बगिया, बहबलपुर) मौके पर पहुंचे और कोर्ट के आदेश का हवाला दिया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी शुरू कर दी। आरोप है कि दबंगों ने उन्हें जान से मारने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने बताया कि वे तहसील से लेकर थाने तक कई चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन न्याय नहीं मिल सका है।

# फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष बने मंजुल

**कन्नौज।** फार्मसिस्ट संघ का चुनाव सरायमीरा के एक होटल में हुआ। इसमें मंजुल कटियार जिलाध्यक्ष जबकि अशोक मंत्री चुने गए।

सरायमीरा स्थिति एक होटल में बुधवार को चुनाव अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा. महेंद्र भान सिंह व संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बटोला, मण्डल अध्यक्ष श्याम नरेश दुबे की मौजूदगी में मतदान कराया गया। सीएमओ कार्यालय से फार्मसिस्ट मंजुल कटियार को अध्यक्ष, अशोक राजपूत को मंत्री चुना गया। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रांती सचान, उपाध्यक्ष अनुपम यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कटियार दितीय, संगठन मंत्री चंद्रजीत यादव, संयुक्त मंत्री सुरेश चंद्र वर्मा को बनाया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# पुस्तकें विशेष दुकान से खरीदने को बाध्य न करें

कार्यालय संवाददाता कन्नौज




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- **बैठक में स्कूल संचालकों को दिए निर्देश, पांच साल से पहले न बदली जाए यूनिफार्म**

**अमृत विचार।** पिछले काफी दिनों से निजी स्कूलों द्वारा पुस्तकें, जूते-मोजे समेत यूनिफार्म विशेष स्थान से खरीदने का दबाव बनाने संबंधी शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में विद्यालय संचालकों की बैठक बुलाकर सख्त हिदायत दी है कि यह सब सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने को बाध्य न किया जाए।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बुधवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विद्यालयों में शुल्क, ड्रेस एवं पाठ्यपुस्तकों के निर्धारण संबंधी बैठक ली। इसमें कहा कि विद्यालय समाज में अच्छे कार्यों से पहचाने जाते हैं। अतः अभिभावकों द्वारा बढ़ती फीस, ड्रेस व पुस्तकों के संबंध में उठाई जा रही शिकायतें उचित नहीं हैं। निर्देश दिए कि विद्यालयों के आसपास पान-मसाला/गुटखा की दुकानें न हों तथा किसी छात्र को पुस्तकें आदि किसी विशेष दुकान से खरीदने को बाध्य न किया जाए। पांच निरंतर शैक्षणिक वर्षों से पूर्व विद्यालय पोशाक में परिवर्तन न किया जाए। औचित्य एवं आवश्यकता होने पर जिला/मण्डलीय शुल्क नियामक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समस्त स्व वित्त पोषित विद्यालय उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 में प्रावधानित व्यवस्था धारा 4 की उप धारा (1) एवं 2 के अधीन अपनी शुल्क संरचना अवधारित करना होगा। मान्यता प्राप्त कक्षाओं के अतिरिक्त संचालन व बिना मान्यता विद्यालय चलाना निषिद्ध है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विद्यालय सुरक्षा हेतु उच्च गुणवत्ता सीसीटीवी, फायर सिस्टम की अनिवार्यता तथा छात्राओं से जुड़े मामलों की त्वरित सूचना पुलिस को देने पर बल दिया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुश्री इज्या तिवारी ने UPISVM .COM पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग, शपथ-पत्र अपलोडिंग तथा 24 मानकों के अनुरूप स्कूली वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित करने को कहा।

**प्रशिक्षण** मेरा युवा भारत एवं जिला पूर्ति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# युवाओं ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सीखीं बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




तहसील सदर परिसर में प्रशिक्षण लेने पहुंचे युवा व बैनर के पास खड़े जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी और डीएसओ राजीव मिश्र।

**अमृत विचार।** मेरा युवा भारत एवं जिला पूर्ति कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में डीएसओ दफ्तर परिसर में 05 दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी) का शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की कार्यप्रणाली से अवगत कराना है।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसओ राजीव मिश्र एवं जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया। जिला पूर्ति अधिकारी ने युवाओं को बताया कि पीडीएस से पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न का पारदर्शी वितरण किया जाता है। इसकी निगरानी एवं संचालन प्रक्रिया महत्वपूर्ण होती है। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी सर्वेश कुमार ने किसान पंजीकरण (फार्मर रजिस्ट्री) एवं वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली को समझाया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विमल सिकरवार ने फोर्टिफाइड चावल, उज्ज्वला योजना एवं राशन वितरण प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी ने युवाओं को मेरा भारत पोर्टल पर संचालित विभिन्न अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 08 युवाओं लोकेश, दीपक, अर्चना, सुमित, आदर्श, श्याम सुंदर, शालिनी एवं सुंदरम का चयन किया गया है। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक सदर सियाराम कुरील एवं नगर क्षेत्र साजिद शिकोह भी मौजूद रहे।

### इस तरह होंगे आज से कार्यक्रम

- 16 अप्रैल को कन्नौज मंडी (क्रय केंद्र संचालन का अध्ययन)
- 17 अप्रैल को भारतीय खाद्य निगम, छिबरामऊ (भंडारण एवं गोदाम प्रबंधन)
- 18 अप्रैल को उचित दर की दुकान, आटी गांव (सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन)
- 19 अप्रैल को समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण

# बस स्टैंड के निकट मिला गनमैन का शव, कोहराम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- **परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका, काटा हंगामा**

**अमृत विचार।** पटना से लौट रहे अधेड़ की रोडवेज बस स्टैंड के निकट मौत हो गई।। पुलिस के प्रयास के बाद मृतक के साढ़ू ने पहचान की।

रकरा निवासी विपिन कुमार दुबे (45) पुत्र रामशरन दुबे बिहार प्रांत के पटना में किसी फैक्ट्री में गनमैन थे। मंगलवार को वह घर के लिये निकले। कानपुर से बस से घर आ रहे थे। मंगलवार की रात 09 बजे परिजनों की फोन पर उनसे बात हुई तो उन्होंने बताया कि रात 11 बजे तक छिबरामऊ पहुंचेंगे। काफी देर बाद भी न पहुंचने पर परिजनों ने फिर फोन लगाया तो नहीं उठा। परिजन पूरी रात खोज में लगे रहे। इधर बुधवार सुबह सरायमीरा में लोगों ने जिला पंचायत के सामने बनी दुकानों की पटिया पर एक व्यक्ति सोता देखा। जगाने का प्रयास किया पर वह नहीं जागा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। पास में एक कपड़े के खोल में राइफल रखी थी। चौकी पुलिस ने मामले की जानकारी कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह को दी। तभी वहां से निकल रहे आंटी गांव निवासी आशीष दुबे ने उनकी पहचान की। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने जल्दबाजी में शव को सील कर दिया। यह गलत है। उनको शव दिखाया जाये। बाद में पहुंचे मृतक के चाचा के समझाने पर परिजन शांत हुए।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता न किया जाए : सीडीओ

## सीडीओ ने बैठक में की विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा, दिये दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता इटावा



बैठक में निर्देश देते सीडीओ अजय गौतम। अमृत विचार

**अमृत विचार** । सीडीओ अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में नवीन सभागार में जनपद के विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा की गई।

सीडीओ ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ द्वारा कराए जा रहे राजकीय इंटर कॉलेज के निर्माण कार्य को अप्रैल माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शैक्षिक सत्र समय से संचालित किया जा सके। जिला कारागार में 24 बंदी क्षमता के हाई सिक्योरिटी बैरक के निर्माण कार्य में आरसीसी दीवारों के जॉइंट में पाई गई खामियों को तत्काल ठीक करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड इकाई-2 द्वारा सैफई में कराए जा रहे कार्यों में पत्थरों के जॉइंट सही ढंग से मिलाने एवं समुचित घिसाई कराने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण में ईंटों की गुणवत्ता सुधारने को कहा गया। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज, सैफई की बाउंड्री वॉल, मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विस्तार हेतु प्रीफैब्रिकेटेड निर्माण कार्य को मई से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

विकास खंड महेवा के ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य को अप्रैल माह में पूर्ण कर शीघ्र संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। जिला संयुक्त चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने को कहा गया। शहर के पक्का तालाब के निकट स्थित ऐतिहासिक भवनों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा ग्राम विक्रमपुर में शिव मंदिर के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अचेत पड़ा मिला युवक

**इटावा** । थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महेरा चुंगी चौराहे पर अरुण सोनी 46 वर्ष पुत्र चिंतामणि निवासी लक्ष्मी नगर औरैया महेरा चुंगी चौराहे के पास अचेत अवस्था मे मिला। जिला अस्पताल में भर्ती युवक का उपचार किया जा रहा है। युवक के जहरखुरानी का शिकार होने की आशंका जताई जा रही है।

### लोडर की टक्कर से भाई-बहन गंभीर घायल

**जसवंतनगर** । बसरेहर थाना क्षेत्र के संतोषपुर घाट गांव निवासी 24 वर्षीय मनीष अपनी 23 वर्षीय बहन मंजू के साथ बाइक से जसवंतनगर आ रहे थे। जैसे ही वे केस्त तिराहे के समीप पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सैफई के लिए रेफर कर दिया।

### लखना नगर पंचायत की बोर्ड बैठक संपंन

**बकेवर** । नगर पंचायत लखना में मासिक बोर्ड बैठक चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल की अध्यक्षता में संपंन हुई। बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए नगरवासियों को समय पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा विभिन्न जनहित से जुड़े प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में प्रभारी अधिशाषी अधिकारी श्यामवचन सरोज की मौजूदगी में उपस्थित सभासदों ने नगर की मूलभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान नगर की प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रखने, भीषण गर्मी में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, नाला-नालियों की साफ-सफाई कराने तथा सड़कों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से सभासद प्रताप सिंह पाल, रंजना देवी, रेखा देवी, रीना कुमारी, महेश दिवाकर, आफताब खां, दिनेश कुशवाहा 'छैया', सत्यवती, शिवकुमार सिंह चौहान 'संजू', बिशाल सोनी, डॉ. सुधीर पांडेय, गौरव पाल 'छोटू', ध्रुव नारायण अवस्थी, जितेन्द्र सिंह राठौर सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपेन्द्र सिंह, रोहित सिंह, गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**ताखा** । ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला ढकाऊ के पास स्कूटी सवार परचून दुकानदार को 10 अप्रैल को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने की वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने सैफई, आगरा व नोएडा इलाज करवाया सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को परिजन उसे सैफई दोबारा ले आए, शाम को दुकानदार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

थाना ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला ढकाऊ निवासी राजीव कुमार (26) की गांव में परचून की दुकान थी। 10 अप्रैल को वह दुकान का सामान लेने स्कूटी से जा रहा था। तभी अनियंत्रित बाइक सवार ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने की वजह से वह घायल हो गया। परिजन गंभीर हालत में उसे सैफई ले गए। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे आगरा के निजी हॉस्पिटल व नोएडा ले गए लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन मंगलवार को फिर से सैफई ले आए। यहां शाम को राजीव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# हाईकोर्ट के आदेश पर प्रमोद को सेवा विस्तार, बने सचिव



चार्ज लेने के बाद प्रमोद चतुर्वेदी का स्वागत करते सभासद शिवेंद्र मिश्रा।

संवाददाता इकदिल इटावा

**अमृत विचार** । ब्लॉक बढ़पुरा के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति चांदनपुर से सेवानिवृत्त हुए सचिव प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को एक बार फिर से सेवा विस्तार के तहत समिति का सचिव बनाया गया है।

उन्हें यह जिम्मेदारी उच्च न्यायालय की डबल बेंच के आदेश के अनुपालन में दी गई है। आठ माह पूर्व उन्हें सचिव पद से हटाया गया था। चार्ज हस्तांतरण सचिव चंद्र केश ने औपचारिक रूप से पूरा कराया। उनके चार्ज लेने के बाद बड़ी संख्या में किसान भी समिति पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि मूल समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत संचालित गेहूं क्रय केंद्र जो कई वर्षों से किसानों के लिए सहारा बना हुआ था, वर्तमान में बंद कर दिया गया है। इसके चलते किसानों को लगभग 20 किलोमीटर दूर मंडियों में अपनी उपज बेचने के लिए जाना पड़ रहा है, जहां उन्हें अपेक्षाकृत कम दाम मिल रहे हैं। ऐसे में समिति पर जल्द गेहूं खरीद केंद्र' शुरू किया जाए। उन्होंने प्रशासन के सामने समस्या को रखने की सलाह दी।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी शोरूम का हुआ भव्य शुभारम्भ

कार्यालय संवाददाता इटावा



शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद सरस्वती मिश्रा व पृथ्वी मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार** । किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी का इटावा में 26वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारम्भ हुआ। हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया उपस्थित रहे

इस अवसर पर किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर पेश किया है डायमंड ज्वैलरी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट, जो केवल लॉन्च के दिन के लिए मान्य है। ऑफर्स के तहत डायमंड ज्वैलरी के मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 40 प्रतिशत की छूट और गोल्ला ज्वैलरी के मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 30 प्रतिशत की छूट है। इसके साथ ही ग्राहको को चयनित खरीदारी पर 10 ग्राम और 20 ग्राम के सिल्वर कोइन भी कोम्प्लिमेंट्री मिलेंगे, साथ ही पुराने सोने पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू का लाभ भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा इटावा में हमारे शोरूम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में ग्राहकों के और करीब आने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स लता एवं सत्यव्रत त्रिपाठी तथा सरस्वती एवं पृथ्वी मिश्रा ने कहा किसना के साथ साझेदारी कर हमें गर्व महसूस हो रहा है। अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन के तहत द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर भी ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

### मोबाइल चलाने से डांटने पर किशोर ने खाया जहर, मौत

**ताखा** । ऊसराहार थाना क्षेत्र के बम्हनीपुर गांव में मंगलवार शाम मोबाइल चलाने से रोकने पर 10 वीं के छात्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सैफई आयुर्विज्ञान विवि ले गए। यहां गुरुवार सुबह छात्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार को बम्हनीपुर निवासी संजय कमल खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। उनके साथ में उनका इकलौता पुत्र गोविंद (15) खेतों में कट रही गेहूं की फसल के काम कर रहा था। शाम के समय वह घर पर मोबाइल फोन चला रहा था, तभी परिजनों ने उसे खाना खाने के लिए बुलाया। मोबाइल चलाते देख परिजनों ने उसे डांट दिया। इससे गोविंद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी मौत हो गयी।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल का हाई स्कूल का परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ

कार्यालय संवाददाता इटावा



पान कुंअर के मेधावी छात्रों के साथ निदेशक डॉ. कैलाश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार** । सीबीएसई हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है।

विद्यालय के टॉप 5 मेधावी छात्र छात्राओं में आराध्या गुप्ता ने 97 प्रतिशत, वैष्णवी ने 93 प्रतिशत, उदित राज ने 92 प्रतिशत, अंशिका ने 92 प्रतिशत और ईशानी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस हर्ष के अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डा. कैलाश चन्द्र यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह शानदार परिणाम हमारे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए सक्षम बनाना है। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा हमारे छात्रों ने अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ यह सफलता प्राप्त की है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। यह भावुक कर देने वाला पल केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि अभिभावकों के लिए भी गर्व और हर्ष से भर देने वाला रहा।



## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिधूना।** बिधूना के अंबेडकर नगर में अज्ञात कारणों के चलते बहनोई के यहां आए साले ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। अंबेडकर नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र श्याम स्वरूप ने बताया कि उनका साला राकेश कुमार पुत्र रामखेलावन (25) निवासी भरसावा, हमीरपुर कुछ ही दिन पूर्व यहां आया था। बुधवार को वह किसी काम से घर से बाहर गए थे और घर के लोग भी मोहल्ले में गए थे। इसी दौरान उनके साले ने घर के अंदर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया कि वह ट्रक ड्राइवर था और बीमार चल रहा था। इधर जानकारी मिलने पर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक शंभू नाथ, उप निरीक्षक सुहेल खान पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां परिजनों से घटना की जानकारी की साथ ही फांसी पर लटक रहे शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रैक्टर रेलवे पुल की दीवार से टकराया

**अछल्दा।** महेवा की ओर से आ रहा तेज गति ट्रैक्टर अछल्दा की तरफ आ रही जेसीबी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर रेलवे पुल की साइड दीवार से टकरा गया। गनीमत रही कि इस दौरान ट्रैक्टर सड़क पर ही खड़ा हो गया और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में ट्रैक्टर हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

### सेवानिवृत्त 13 शिक्षकों को भावभीनी विदाई

**अछल्दा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र अछल्दा में बुधवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों से कुल 13 शिक्षकों को सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में चार शिक्षा मित्र भी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने की। शिक्षकों में इशानों देवी राजपूत, ओम कुमार, इंद्र कुमार शुक्ला, राजेंद्र प्रताप सिंह, मीरा देवी गुप्ता, अनिल दीक्षित, शाह परवेज, राकेश यादव, राकेश मिश्रा, शिवशंकर सिंह चौहान, इलम सिंह, सहदेव सिंह और कमलेश कुमारी शामिल हैं। इस मौके पर कौशलेंद्र सिंह, शिवनाथ सिंह, अमरीश कुमार, प्रह्लाद ओमर, जितेंद्र पांडे, सतीश शर्मा, अशोक कुमार, अमित पाल आदि मौजूद रहे।

### बीईओ ने किया तीन स्कूलों का निरीक्षण

**अछल्दा।** खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के तीन परिषदीय विद्यालयों—पुरवा सती, पुरवा भदौरियन और डुहल्ला का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुरवा सती और पुरवा भदौरियन के विद्यालयों में सभी शिक्षक समय से उपस्थित मिले। वहीं डुहल्ला स्थित विद्यालय में एक सहायक अध्यापक अवकाश पर पाए गए, जिस पर उन्होंने अनुपस्थिति का कारण दर्ज करने के निर्देश दिए। बीईओ ने विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूरे ब्लॉक क्षेत्र में लगातार औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि विद्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा सके।

# प्रतिबंधित रसायनों की बिक्री रोकने को चलाएं अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। किसानों की समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के साथ-साथ विभागीय योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर प्रचार- प्रसार कराए जाने के दिए निर्देश।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने किसान दिवस के दौरान उप निदेशक कृषि शैलेन्द्र कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि जिले में अवैध रूप से बिक्री किए जा रहे प्रतिबंधित रसायनों तथा मानक/गुणवत्ता विहीन बीजों को रोकने के लिए बिक्री केन्द्रों तथा संस्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। उक्त वस्तुएं प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। बीजों की गुणवत्ता की जांच के लिए समय-समय पर प्रयोगशाला से उनकी जांच भी करवाएं, जिससे किसानों को उन्नत बीज प्राप्त हो सके और उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो। डीएम ने कृषि क्षेत्र से संबंधित सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर योजनाओं की जानकारी व उनके लाभ दिए जाने हेतु साप्ताहिक ग्राम चौपाल लगाई जाए इसके लिए आपस में समन्वय कर विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए जनपद के सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों में ग्राम प्रधान के माध्यम से कृषकों को आमंत्रित कर प्रत्येक शुक्रवार को जानकारी दी जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायकों को सम्मिलित करते हुए प्रत्येक विकास खंड हेतु एक-एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए जिसमें सूचनाओं को प्रसारित किया जाए। जिलाधिकारी ने कृषि विपणन अधिकारी को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं यथा- बारदाना की आवश्यकता के साथ-साथ कृषकों को शुद्ध व शीतल पेयजल की भी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

इसके बाद लेखपालों व राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा तहसील सदर सभागार में करते हुए निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री को शत- प्रतिशत करने हेतु सर्वप्रथम अपने कार्यक्षेत्र में कृषकों का विवरण यथा- अंश निर्धारण, मिसमैच, गाटा संख्या, खाता संख्या आदि का विवरण एक रजिस्टर में अंकित करें।

### किसान रजिस्ट्री में मिस मैच का निस्तारण करें

- कहा जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है तो उनके मिस मैच आदि का निस्तारण कराते हुए उनकी फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने ने तहसीलदार सदर को निर्देश दिए कि लेखपालों की सुविधा के लिए एकल खिड़की सिस्टम की स्थापना की जाए। जिसमें वह मिसमैच सुधार हेतु प्रकरणों को उपलब्ध करा सकें तथा एक नोडल भी बनाया जाए जो संबंधित पटलों के अधिकारियों से समन्वय बनाकर उनका 3 दिन में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव सिंह, एआर कोऑपरेटिव संजीव गौतम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

- कलेक्ट्रेट के मानस सभागार में हुआ किसान दिवस

### किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

**औरैया।** ककोर मुख्यालय स्थित मीटिंग हॉल में जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष विपिन राजपूत ने किसानों की समस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख मांग रखी कि जनपद के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक दिवस आयोजित कर किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए। दूसरी मांग में प्राकृतिक आपदा एवं विद्युत विभाग की लापरवाही से गेहूं समेत अन्य फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। तीसरी मांग में आगामी धान की फसल को ध्यान में रखते हुए बीज, कीटनाशक व खरपतवार नाशक दवाओं की समय-समय पर जांच सुनिश्चित की जाए।

# नीम के पेड़ पर विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

- बेला थाना क्षेत्र के हरदू गांव का मामला

**बेला (औरैया)।** थाना क्षेत्र के हरदू में 30 वर्षीय विवाहिता ने नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मांशी।

हरदू गांव निवासी मांशी पत्नी अनिल कुमार मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे घर से गेहूं काटने के लिए खेत पर गई थी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसी बीच खेतों में मौजूद किसानों की नजर पास में खड़े नीम के पेड़ पर पड़ी, जहां दुपट्टे का फंदा बनाकर महिला लटकी हुई थी। घटना की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान इंद्र बहादुर यादव द्वारा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक, मांशी इससे पहले भी लगभग एक वर्ष पूर्व उसी स्थान पर फांसी लगाने का प्रयास कर चुकी थी, लेकिन उस समय ग्रामीणों की सतर्कता से उसकी जान बच गई थी।

मृतका अपने परिवार में सास गुड्डी देवी, पति अनिल कुमार और दो छोटे बच्चों 5 वर्षीय पुत्र कल्लू व 4 वर्षीय पुत्री मन्नू के साथ रहती थी। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# अछल्दा के युवक की फरीदाबाद में हुई हत्या

## कैंटीन संचालक था युवक, पानी देने से इनकार पर बढ़ा विवाद

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** हरियाणा के फरीदाबाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अछल्दा थाना क्षेत्र की इटेली चौकी के नगला रायसिंह गांव निवासी आदेश कुमार यादव की मंगलवार रात उस समय पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जब वह अपने भाई के साथ रूम पर जा रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार, आदेश यादव अपने भाई सुमित यादव के साथ फरीदाबाद में शराब ठेके के पास ही कैंटीन चलाते थे। मंगलवार रात करीब 10 बजे आदेश अपनी दुकान बंद कर रहे थे, तभी



आदेश यादव। अमृत विचार

कार सवार कुछ अज्ञात लोग वहां पहुंचे और पानी की बोतल मांगी। दुकान बंद होने के कारण आदेश ने पानी देने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज होकर हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमला इतना बेरहमी से किया गया कि आदेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में आदेश का भाई सुमित यादव बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

- इटेली चौकी के नगला रायसिंह गांव निवासी था आदेश यादव

मृतक आदेश यादव अपने पीछे पत्नी सुखदेवी, तीन बेटियां गीता (6 वर्ष), सुनैना (5 वर्ष) और नीरज (3 वर्ष) तथा एक डेढ़ वर्षीय बेटे को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### बार चुनाव में मतदान 30 अप्रैल को

**बिधूना।** तहसील बार एसो. के वार्षिक चुनाव की नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अध्यक्ष महामंत्री के पद पर 30 अप्रैल को मतदान होगा। उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। अन्य पदों पर एकल नामांकन होने के चलते निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन विनोद कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अम्बरेश सिंह सेंगर, राकेश यादव, नवीन तिवारी ने नामांकन किया। जबकि महामंत्री पद में शमीम अख्तर, अतुल तिवारी ने पर्चा दाखिल किया। कहा कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु भुवन प्रकाश राजपूत, कोषाध्यक्ष पद हेतु त्रिलोक कुमार शाक्य, उपाध्यक्ष पद हेतु शीलू शाक्य, पवन कुमार राजपूत, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय हेतु कमलेश शर्मा, संयुक्त मंत्री प्रकाशन हेतु नीरज कठेरिया, संयुक्त मंत्री प्रशासन हेतु गोविंद दुबे ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु पुष्पेंद्र कुमार शाक्य ने पर्चा भरा।



परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। अमृत विचार

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के कस्बा ऐरवा कटरा स्थित हैप्पी लाइफ पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल और पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस मानवेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि अभय सेंगर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद बच्चों ने हनुमान चालीसा का वाचन किया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर अंकपत्र और शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रधानाचार्य शिव प्रसाद सिंह द्वारा किया गया।

### दिबियापुर में अतिक्रमण की कार्रवाई पर स्टे

**औरैया।** दिबियापुर कस्बे चिह्नित 48 दुकानों, मकानों पर अतिक्रमण की कार्रवाई पर स्टे हो गया। इससे पूर्व विभाग द्वारा चिह्नित 48 मकानों और दुकानों को हटाने के लिए अंतिम चेतावनी तक जारी कर दी थी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की जा रही थी। बुधवार को अंतिम चेतावनी के रूप में मुनादी कराकर कब्जेदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। साथ ही सदर उप जिलाधिकारी अजय आनंद वर्मा, तहसीलदार प्रकाश चौधरी, सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा भारी पुलिस बल मौजूद मौके पर पहुंचा और निरीक्षण कर कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। बाद में देर शाम अतिक्रमण हटवाने की मार्रवाई पर स्टे मिल गया। इससे कार्रवाई रुक गई। सिंचाई विभाग के एक्सईएन संजीव कुमार ने बताया कि कोर्ट से अतिक्रमणकारी स्टे ले आए हैं, इससे कार्रवाई अभी रोक दी गई है।

# हिंदू युवा मोर्चा ने किया 25वां सुंदरकांड का पाठ

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में 25वां सुन्दर काण्ड पाठ संपन्न हुआ। यह आयोजन स्थान अखलेश राठौर केशरवानी के आवास पर आयोजित किया गया।

आयोजक अखलेश राठौर के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन सम्पन्न कराया गया। हिन्दू युवा मोर्चा संघ के पदाधिकारी अखलेश राठौर के आवाहन पर किया गया। यह पाठ पूर्व सूचना अनुसार निर्धारित शाम 6:30 बजे से भजन कीर्तन के साथ पाठ से प्रारंभ होकर देर रात्रि 8.30 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक विनोद तिवारी, विनोद कोस्टा , अवशेष पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, अनुराग धनगर नगर अध्यक्ष, शिव कुमार शर्मा, पन्ना लाल, गोपाल अवस्थी संयोजक, निखिल शुक्ला, अखलेश राठौर, सुनील गुप्ता, रजत दुबे पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री,ओम नारायण मिश्रा, शशि देवी, मानसी राठौर रहे।



सुंदरकांड पाठ करते लोग। अमृत विचार

# स्कूलों में मॉक ड्रिल के जरिए छात्रों को सिखाए आग से बचने के तरीके

संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में अग्निशमन विभाग द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें विद्यार्थियों को आग से बचाव और आपातकालीन स्थिति में सतर्क रहने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत वैदिक हेरिटेज स्कूल में आयोजित जागरूकता अभियान में छात्रों को आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा दुर्घटना की स्थिति में अपनाए जाने वाले जरूरी कदमों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्कता बेहद आवश्यक है। वहीं जेपी इंटरनेशनल स्कूल औरैया में मॉक ड्रिल का आयोजन कर छात्रों और स्टाफ को आपातकालीन स्थिति से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षित निकासी का अभ्यास कराया गया, जिससे सभी को संकट के समय घबराने के बजाय संयम से काम लेने की सीख मिली। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों को चलाने की विधि भी विस्तार से समझाई और उनका प्रदर्शन कर छात्रों को प्रायोगिक जानकारी दी। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया और विभिन्न सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना, आग जैसी घटनाओं से होने वाली जनहानि को कम करना और आपदा के समय सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है, इसलिए सभी को अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।

### नारी शक्ति वंदन के समर्थन में बनाई मानव शृंखला

- **दिबियापुर।** बेला रोड स्थित विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति दीवार स्थापित कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मानव शृंखला आयोजित कर नारी वंदन शक्ति अधिनियम के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व करते हुए महाविद्यालय की समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रीना आर्य ने आजाद भारत के इतिहास में अधिनियम को महिलाओं के अधिकारों में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि नारी शक्ति जागरण से ही समाज प्रगति की राह पर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर इकरार अहमद, एनएसएस प्रभारी डा हिमांशु, डीआर निकिता अग्रवाल, डॉ श्याम नारायण, दिलीप रावत, अनुपम तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बी-पैक्स क्रय केंद्र के शुभारंभ में किसान का हुआ स्वागत

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** गेहूं खरीद की प्रक्रिया तेज हो गई है। वैसे तो जिले में गेहूं की खरीद 15 मार्च से ही शुरू हो गई थी, लेकिन बुधवार को विकास खंड भाग्यनगर के ग्राम केशमपुर पसईपुर स्थित बी-पैक्स पर गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष अरुणा त्रिपाठी के प्रतिनिधि अंकित रंजन त्रिपाठी ने किया। आचार्य पंडित विष्णुदत्त शुक्ला ने पूजा-अर्चना कर केंद्र का शुभारंभ कराया। इसमें केशमपुर निवासी किसान रमेशचन्द्र पुत्र राम भरोसे 20 क्विंटल गेहूं लेकर पहुंचे। केंद्र पहुंचने पर किसान का उत्साहवर्धन करने के लिए केंद्र प्रभारियों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित रंजन त्रिपाठी ने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। इस अवसर पर सचिव लल्लन बाबू राजपूत, सहायक हेमंत कुमार राजपूत, विष्णु दत्त शुक्ला आदि रहे।



गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

# नामित सभासदों को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता,जालौन/कालपी

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सादगीपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में एसडीएम हेमंत पटेल ने नामित सभासदों को शपथ दिलाते हुए उनसे अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा की। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि नगर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सभासदों की भूमिका अहम होती है, इसलिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। शपथ ग्रहण करने वालों में ऊषा गुप्ता, वाचस्पति मिश्रा, धर्मेंद्र सेंगर, योगेंद्र राठौर और रामप्रकाश शामिल रहे। इस मौके पर चयेरपर्सन नेहा पुनीत मित्तल, ईओ सुशील कुमार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, पुनीत मित्तल, अनिल याज्ञिक, अभय सिंह राजावत, अनिल मित्तल आदि मौजूद रहे।




कालपी में शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

- जालौन और कालपी में नामित किए गए हैं पांच-पांच सभासद

इसीतरह नगरपालिका परिषद कालपी में नवनियुक्त पांच सभासदों ने बुधवार को पद की शपथ ली। वैसे तो नगरपालिका परिषद में विभिन्न दलों से निर्वाचित सभासदों की संख्या 25 है जो नगर व अपने क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका अदा करते हैं और गत माह शासन ने भी पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को सभासद के रूप में नियुक्त किया है जो नगर के विकास में भागीदार होंगे। बुधवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की मौजूदगी में एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस दौरान विधायक ने मनोनीत सभासद कन्हैया मिश्रा, ज्योति विश्वकर्मा, रविन्द्र कोरी, देवेंद्र गुप्ता तथा मोनू कोष्ठा शपथ ली। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव, ईओ अवनीश कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री को किसान ऑनलाइन आवेदन करें

**कालपी।** खतौनी और आधार कार्ड में गलती से फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो रही है तो किसान परेशान न हों। वे ऑनलाइन आवेदन करें।

एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार बगैर फार्मर आईडी के किसान जमीन संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले सकता हैं इसलिए उन्हें इसे बनाना अनिवार्य है। उनके मुताबिक आधार कार्ड और खतौनी में आंशिक गलती होने पर किसान की आईडी नहीं बन रही है जिसके चलते शासन ने गलतियों को सुधारने की कवायद शुरू की है। एसडीएम के अनुसार ऐसे किसानों को आनलाईन आवेदन करना होगा, जिसके बाद तहसील प्रशासन उनकी कमियों को अतिशीघ्र दूर करेगा जिसमें अंश संशोधन के अलावा नाम और पता संशोधन भी किया जाना है। उन्होंने ऐसे किसानों को आगाह कर जल्दी आवेदन करने के लिए कहा है।

कार्यक्रम | श्री महादेव मंदिर में रामदरबार की हो रही प्राण प्रतिष्ठा

# राम दरबार की निकाली शोभायात्रा, झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** श्री महादेव मंदिर में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की बुधवार को शोभायात्रा के साथ शुरुआत हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक, एसडीएम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। 16 अप्रैल को हवन-पूजन और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

सदर बाजार स्थित श्री महादेव मंदिर प्रांगण में अब श्री राम दरबार की भी प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम के दौरान बुधवार को मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में आस्थावान शामिल हुए। नगर के मुहल्ला सदर बाजार में अति प्राचीन महादेव मन्दिर स्थित है लेकिन भक्तों ने गत दिनों वहां राम दरबार भी स्थापित किए जाने का मानस बनाया और स्थापना की तैयारियां शुरू की।



रामदरबार की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

इसी कार्यक्रम के तहत बुधवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की अगुवाई में आयोजित शोभायात्रा महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई जो मंदिर से निकलकर एकलव्य स्कूल तिराहा, काली देवी मंदिर, हरीगंज तिराहा, एमएसवी अंडरपास, हिंदी भवन (इंदिरा नगर), गणेश मंदिर, रामगंज, कागजीपुरा, पचपिंडा देवी मंदिर, टरननगंज, अंदर बाजार, खोयामंडी, नगर पालिका गेट, फुल पावर चौराहा, आनंदी देवी मंदिर, रामचबूतरा एवं भट्टीपुरा होते हुए पुनः महादेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर प्रांगण में देर शाम तक प्राण प्रतिष्ठा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाने का कार्यक्रम है। इससे पूर्व 13 व 14 अप्रैल को जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं महाभिषेक जैसे अनुष्ठान संपन्न हो चुके हैं। कार्यक्रम का समापन 16 अप्रैल को हवन, कन्याभोज एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन महंत जमुनादास महाराज एवं आचार्य गौरव कृष्ण शुक्ल के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। शोभायात्रा के दौरान पालिकाध्यक्ष के अलावा एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता तथा उनकी पत्नी सहित बड़ी संख्या में आस्थावान शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### थ्रेसर की चपेट में आने से दोनों हाथ कट गए

राठ। कोतवाली के करौंदी गांव में थ्रेसर में फंसने से मजदूर के दोनों हाथ कट गए। उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। करौंदी निवासी राहुल (23) पुत्र देवकरन अपने परिचित के खेत में फसल की थ्रेसिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गया। जिससे उसके दोनों हाथ कट गए। मौके पर मौजूद लोगों ने राहुल को तुरंत सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### डीजल नहीं मिलने से किसान परेशान

कुरारा। कस्बा सहित क्षेत्र के पेट्रोल पंपों में डीजल न मिलने से किसान परेशान हैं। कस्बे में तीन, झलोखर में तीन, डामर में दो और रघवा, कुतुबपुर तथा मिश्रीपुर में एक-एक पंप है। इन पंपों में डीजल नहीं मिल रहा है। डामर गांव के किसान अरुण सिंह, बृजेंद्र सिंह पूरन, कमलेश, शिवनी गांव निवासी लल्लू आदि किसानों ने बताया कि क्षेत्र के पंपों में डीजल न मिलने पर मूसानगर गए वहां भी नहीं मिला। जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की हार्वेस्टिंग नहीं हो पा रही है। किसान परेशान है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ गटका, भर्ती

कुरारा। थानाक्षेत्र के जमरेही तीर गांव में अज्ञात कारणों के चलते 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के जमरेही तीर गांव निवासी शिवम (25) पुत्र सौखी लाल ने बुधवार की सुबह करीब 9 बजे अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### चोरों ने घर से जेवर और नकदी चुराई

बिवांर। चोरों ने छत से नीचे उतर कर अलमारी में रखी लाखों की नगदी व सिंगार दान में रखे हजारों रुपये के जेवरात पार कर ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी अनुज तिवारी पुत्र कृष्ण कांत तिवारी भूसा मशीन से भूसा बनाने का कार्य करता है। मंगलवार की रात घर में उसके माता पिता अकेले थे। रात को खाना खाकर करीब दस बजे सो गए। रात को अज्ञात चोर छत से आंगन में उतर कर बरामदा में रखी अलमारी की दराज से एक लाख अस्सी हज़ार की नगदी व कमरे में रखी सिंगारदान से पर्स में रखी एक सोने की जंजीर, एक अंगूठी एक मंगलसूत्र चोरी कर ले गए। सुबह मां के जागने पर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा देकर घटना की जानकारी हुई। एसआई अंकित बैसला ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। बताया चोरी का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

### युवती ने लगाई फांसी और चली गई जान

राठ। जरिया थाने के वीरा गांव में संदिग्ध अवस्था में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव का बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए। जानकारी के अनुसार वीरा गांव निवासी युवती रेशमा (25) पुत्री श्याम सुंदर ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगा ली। जब परिजनों ने युवती को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद परिजनों ने तत्काल उसे फांसी के फंदे से नीचे उतर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रेशमा की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश पांडे ने बताया कि युवती के सुसाइड करने की घटना उनके संज्ञान में नहीं है।

### दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि

हमीरपुर। आगामी 20 तक सात दिवसीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसको लेकर पहले दिन अग्निशमन स्मृति दिवस परेड के आयोजन में एसपी ने दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं जनपदीय पुलिस अधिकारियों और अग्निशमन कर्मियों की उपस्थिति में फायर स्टेशन परिसर में अग्निशमन स्मृति दिवस परेड का आयोजन कर दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी।

# हादसे में चालक सहित तीन घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के बड़े चौराहे की ओर से सवारियां लेकर आ रहे ई-रिक्शा में फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा चालक सहित तीन लोग घायल हो गए वहीं फोर व्हीलर मौदहा तहसीलदार की होने की चर्चा जोरों पर है। फिलहाल तहसीलदार द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जा रहे हैं।

बड़े चौराहे से सवारियां लेकर आ रहे ई रिक्शा में मंडी गेट के निकट फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी जिसमे ई रिक्शा चालक कस्बा निवासी कृष्णा (19)पुत्र रवि कुमार और कस्बे की दो छात्राएं नादिया (18) पुत्री अहमद हसन और आकांक्षा (18) पुत्री शिव सेवक मामूली रूप से घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर तीनों घायलों का इलाज किया गया। जिनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

वहीं लोगों और घायलों का कहना है कि तहसीलदार की गाड़ी ने टक्कर मारी है जो कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि तहसीलदार को बार बार फोन करने के बाद फोन रिसीव नहीं करना भी शंका को बल देने के लिए काफी है। घायल छात्रा नादिया हसन ने बताया कि हम कॉलेज से लौट रहे थे तो बड़े चौराहे के थोड़ा इस तरफ चार पहिया गाडी ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी चार पहिया गाडी तहसीलदार की है।

### सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

मौदहा। सड़क दुर्घटनाओं में दो छात्राओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। नगर के हुसैनगंज निवासी नदिया हसन (18) पुत्री अहमद हुसैन और कपसा निवासी आकांक्षा (18) पुत्री शिवसेवक बुधवार दोपहर बड़े चौराहा स्थित महाविद्यालय से ऑटो में बैठकर बाजार की ओर आ रही थीं, तभी मंडी गेट के पास अचानक बोलेरो के चालक ने गाड़ी मोड़ दी, जिससे ई रिक्शा में टक्कर लग गई। दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर बिवांर क्षेत्र के निवादा निवासी शिवम (22) पुत्र रामदास और संदीप (14) पुत्र माहेश्वरीदीन मंगलवार की शाम बाइक से अपने गांव जा रहे थे, तभी सिलौली के पास संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शिवम की हालत नाजुक होने पर उसका प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर ग्राम कम्हरिया निवासी दीपक (17) पुत्र दुर्गा व ग्राम भैंस्ता निवासी कमलेश (50) पुत्र रामेश्वर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो गए।

# रोडवेज चालक से मारपीट का मामला गरमाया

- रोडवेज कर्मचारी संघ ने एसपी को ज्ञापन दे कार्रवाई की मांग उठाई
- महिला यात्री के बस के बोनट पर बैठने को लेकर हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रोडवेज बस में चालक के बगल में बोनट पर बैठकर महिला यात्री के सफर करने को लेकर चालक और महिला परिचालक का विवाद इतना गहरा गया कि सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा गांव में महिला यात्री के जानने वालों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। इस मामले में रोडवेज कर्मचारी संघ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवशरण सिंह के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा गया कि परिवहन निगम की महिला संविदा परिचालक कुशवाहा और संविदा चालक सचिन पाल बस लेकर हमीरपुर से महोबा जा रहे थे। बस में एक महिला यात्री अपना मुंह ढके हुए बस में सवार हो गई। वह चालक के बगल में बोनट पर बैठ गई। इस पर परिचालक ने पीछे सीट में जगह खाली होने की बात कहकर बैठने के लिए कहा, जिस पर महिला यात्री अमर्यादित लहजे में बोलने लगी। इतना ही नहीं, महिला यात्री ने फोन कर अपने लोगों को इंगोहटा तिराहे पर बुला लिया।



एसपी को ज्ञापन देने जाते रोडवेज कर्मचारी। अमृत विचार

जैसे ही बस इंगोहटा तिराहे पर पहुंची, वैसे ही कुछ लोगों ने चालक के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। महिला परिचालक ने मारपीट रोकने के लिए बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने परिचालक का मोबाइल फोन, चालक के पर्स के से 2730 रुपये और मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया।

छीनाझपटी में मोबाइल फोन गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। रोडवेज कर्मचारी संघ ने पुलिस अधीक्षक से एफआईआर दर्ज कराते हुए कार्रवाई करने की मांग उठाई है। इस दौरान महेश कुमार, भुवनेश कुमार, धर्मराज, छेदलाल पाठक, राजनारायण त्रिपाठी, सुनील कुमार, आरती, धर्मेंद्र यादव, इश्तियाक अली अहमद, आफताब अमजद, अरविंद कुमार, रचना खटीमा, अवधेश कुमार, जेके गुप्ता, अवधेश सविता आदि मौजूद रहे।

### सोलर प्लांट में शार्टसर्किट से भड़की आग, 60 बोरी मुर्गी दाना भी जलकर राख

# मुर्गी फॉर्म हाउस में आग चूजे और मुर्गियां भुन गईं

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- कुसमरा में भाड़े पर जमीन लेकर खोला गया था मुर्गी फॉर्म हाउस
- हवा के तेज झोकों से भड़कीं लपटें घंटों जूझते रहे दमकल जवान

**अमृत विचार।** सोलर प्लांट से शार्ट सर्किट से मुर्गी फार्म हाउस में आग लगने से मुर्गी पालक का बड़ी मात्रा में नुकसान हुआ है। मुर्गी पालक कादिर ने बताया कि करीब 2200 बड़ी मुर्गियां व 2500 के आसपास चूजों की मौत हुई है।

सदर कोतवाली के खालेपूरा निवासी कादिर आलम पुत्र आरिफ आलम जोकि कुसमरा गांव के पास भाड़े पर खेत लेकर टट्टर आदि लगाकर मुर्गी पालन का काम करता है। जहां रात में प्रकाश के लिए उनके द्वारा 2 किलोवाट का सोलर प्लांट भी लगाया गया है। बुधवार दोपहर में सोलर प्लांट में किसी कारणवश शार्ट सर्किट हुआ, जिससे टट्टरों में आग लग गई। तेज हवा के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप लेकर सब तबाह कर दिया। पीड़ित कादिर आलम ने बताया कि इस आगजनी में 2200 से अधिक मुर्गियां व 2500 चूजों की मौत हुई है। वही करीब 60 बोरी मुर्गियों का दाना भी जल गया है। बताया कि सब मिलाकर करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


कुसमरा में आग से जलता मुर्गी फार्म हाउस। अमृत विचार

### ट्रांसफॉर्मर की एक चिंगारी से 20 बीघा गेहूं की पराली जली

मौदहा (हमीरपुर)। तहसील क्षेत्र के ग्राम अरतरा में शिव शंकर के खेत में सरकारी ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर की चिंगारी से खेतों में आग लग गई। इस घटना में लगभग 20 बीघा क्षेत्र में खड़ी गेहूं की पराली जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग की लपटें तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। गांव के रामरतन, रमाशंकर, रमेश के खेत भी आग की चपेट में आ गए। जिससे उनकी गेहूं की फसल की पराली भी जल गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। दमकल विभाग की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया।

### डीएम ने 6 लोगों को किया जिला बदर

हमीरपुर। जिला मजिस्ट्रेट ने छह लोगों को जिला बदर किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) ने कोतवाली नगर, मौदहा, बिवांर, राठ व मझगवां थाने से सम्बन्धित छह गुंडा अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर किया है।

जिला बदर की अवधि में अपराधी शस्त्र व आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे और जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। जिला बदर किए गए रोहित उर्फ पुन्नी पुत्र रमेशचन्द्र, निवासी जमुना घाट, कालपी चौराहा व उस्मानी गनी उर्फ आमिर पुत्र फजल अली उर्फ फजल मुर्गेवाला, निवासी पठकाना, थाना कोतवाली नगर, थाना मौदहा कस्बे के उपरौस मोहल्ला निवासी फैज उर्फ फैज माफिया पुत्र पप्पू डूडा उर्फ रजा मोहम्मद, गौरव सिंह पुत्र स्व महेश सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम व थाना बिवांर तथा आशीष कुमार उर्फ अस्सू पुत्र जय सिंह राजपूत, निवासी ग्राम चिल्ला थाना राठ, प्रदीप कुमार पुत्र ध्यान सिंह उर्फ बापू, निवासी टोलारावत, मझगवां को जिला बदर किया गया है।

# कर्ज के दबाव में केंद्र संचालक ने दी थी जान

अमृत विचार Follow UP

- मकान बनवाने के लिए बैंक और परिचितों से लिया था कर्ज

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जन सेवा केंद्र के संचालक की आत्महत्या के मामले में मुख्य वजह होम लोन एवं लोगों से लिए गए कर्ज अदायगी न होने के दबाव सामने आया है।

जन सेवा केंद्र संचालक की पत्नी खुशबू ने बताया कि ससुर के लापता होने पर सास सीता पुखरायां से आकर कस्बे में किराए के मकान में रहने लगी थी। कांशीराम कालोनी में आवास मिलने पर वह एक दशक पहले अपने पुत्र अंकित, अमर और एक पुत्री के साथ रहने लगी। इसके बाद अंकित ने जन सेवा केंद्र खोला और परिवार चलाने में मां का सहयोग करने लगा। इसी बीच 2019 में उसकी शादी अंकित से हो गई। पूरा परिवार कांशीराम कालोनी में हंसी-खुशी रहने लगा। ठीक ठाक कमाई होने पर उन्होंने कस्बे के वार्ड 15 में प्लाट खरीदा और मकान बनवाने के लिए सीएससी आईडी के माध्यम से होम लोन के साथ दोस्तों एवं रिश्तेदारों से कर्ज ले लिया। इसी बीच 2022 में मां सीता की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दो मंजिला मकान बनवाने में करीब 30 लाख रुपये लगा दिए। अब लोगों ने कर्ज मांगना शुरू किया और बैंक की किस्त जमा करने में समस्या उत्पन्न होने लगी। वहीं पिछले वर्ष छोटे भाई अमर ने भी आत्महत्या कर ली थी। मां-भाई की मौत के बाद वह परेशान रहने लगे थे। शायद इसी से परेशान होकर आत्मघाती कदम उठा लिया। पत्नी ने बताया कि पति की मौत के बाद उसके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी दो बेटियां हैं। जिसमें बड़ी बेटी गौरी (5) पूर्ण रूप से दिव्यांग है। दूसरी बेटी पिछले सप्ताह ही जन्मी है।

# जन्म से 6 माह तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध देना चाहिए, पानी नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- गर्भावस्था के दौरान खान-पान पर निर्भर होता शिशु का पोषण
- "स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा" सशक्त समाज की मजबूत नींव होती

**अमृत विचार।** ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुंडौरा में पोषण पखवाड़ा (8 वां संस्करण) के अंतर्गत मातृ एवं शिशु पोषण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस रैली में एनएसएस, उन्नत भारत अभियान के स्वयंसेवकों एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्राओं ने सहभागिता की।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ स्वामी प्रसाद ने कहा कि "स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा" केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त समाज की नींव है। बताया शिशु का पोषण उसकी मां के स्वास्थ्य तथा गर्भावस्था के दौरान उसके खान-पान पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रक्षादीन कर्णधार ने छात्राओं को मातृ एवं शिशु पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी की।

उन्होंने बताया कि केवल स्तनपान ही शिशु का आहार है। जन्म से 6 माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही देना चाहिए, पानी भी नहीं। 6 माह बाद नरम खिचड़ी, मसली हुई दाल, केला अथवा उबले आलू जैसे हल्के आहार से शुरुआत करनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ अमित नामदेव, बादशाह सिंह, अजय प्रजापति, सूरज सिंह, नईम बक्स, अजीत सिंह,त्रिभुवन देव आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। अमृत विचार

### परिवार गया खेत, घर से जेवर-नकदी चोरी

राठ। चिकासी थाने के बंगरा गांव में बीती रात चोरों ने एक मकान में घुसकर लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

बंगरा गांव निवासी श्रीकांत पुत्र दुर्जन ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से खेत में कटाई और अन्य कृषि कार्यों में व्यस्त था। परिवार के सदस्य खेत में बने ट्यूबवेल पर ही सो रहे थे। बताया कि जब परिवार गांव स्थित अपने घर लौटा तो उन्होंने घर के अंदर सामान बिखरा हुआ और अलमारी खुली देखी तो हड़कंप मच गया। श्रीकांत ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर से लगभग 6-7 तोला सोने के जेवरात, लगभग 30 तोला चांदी के जेवरात और 30 हजार रुपये नकद चुरा लिए हैं। उन्होंने पुलिस से चोरी का खुलासा करने की गुहार लगाई है। बताया चोर करीब 10 लाख रुपये कीमत के जेवरात ले गए है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

# स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं ने पावर हाउस में काटा हंगामा, घेराव

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्मार्ट मीटर से परेशान महिलाओं ने पावर हाउस पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। उपखंड अधिकारी के न मिलने पर अवर अभियंता का घेराव कर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिससे काफी देर तक माहौल गरम बना रहा। स्मार्ट मीटर पोस्टपेड में बदलाने के आश्वासन पर महिलाएं वापस गई।

कस्बे में स्मार्ट विद्युत मीटरों को लेकर गरीब और मजदूर वर्ग में भारी आक्रोश देखने को मिला। वार्ड छह के महिलाओं ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण को संबोधित प्रार्थना पत्र देने के लिए पावर हाउस पहुंची। एसडीओ के न मिलने पर महिलाओं ने अवर अभियंता को ज्ञापन दिया। उनका कहना है कि रोज कमाने-खाने वाले परिवार समय पर रिचार्ज न करा पाने के कारण अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाते हैं। स्मार्ट मीटर में बैलेंस समाप्त होते ही तुरंत बिजली कट जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। आरोप लगाया कि नेटवर्क व तकनीकी खामियों के चलते रिचार्ज के बाद भी कई बार बिजली बहाल नहीं हो पाती। अचानक बिजली कटने से घरों में अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। पहले जहां पुराने मीटरों में बिल भुगतान की सुविधा आसान थी, वहीं अब यह व्यवस्था उनके लिए मुसीबत बन गई है। पीड़ितों ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर हटाकर पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए, ताकि गरीब उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। इस मौके पर लक्ष्मी, सुदामा,अंजू,शोभा,कल्ली, प्रतिमा, शान्ति आदि महिलाएं मौजूद रहीं।


सुमेरपुर कस्बे के पावर हाउस में हंगामा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

खुशी के पल | सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल में काव्या टॉपर

# परिणाम देख खुशी से चहके छात्र-छात्राएं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं कक्षा का नतीजा घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। हिंद एंजेल्स पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की टापर छात्रा काव्या गुप्ता ने 96.2 फीसदी अंक पाकर नाम रोशन किया।


काव्या गुप्ता।

स्कूल के छात्र देवांश शुक्ला ने 95.6, मो. हसन अत्तारी 94.8, मोहम्मद रेहान ने 94.2 फीसद अंक पाकर स्कूल और माता पिता का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रबंधक एवं निदेशक इंजीनियर शिवांगी राजपूत ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्य अली उल्ला खान और उप-प्रधानाचार्य आदर्श कुमार खरे ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राघवेंद्र राठौर, संदीप कुमार, महेंद्र सोनी एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और बच्चों के प्रयास की सराहना की।



इंजीनियर शिवांगी राजपूत ने मेधावियों को मिठाई खिला हौसला बढ़ाया। अमृत विचार

### कम अंक आने पर छात्रा को लगा सदमा

मौदहा। कस्बे के छिमौली रोड कांशीराम कालोनी निवासी जितेन्द्र कुमार की पुत्री श्रेया (17) राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है। बुधवार को वह अंकपत्र लेने कॉलेज पहुंची। जैसे ही उसने अंक पत्र में 68% अंक देखे तो चक्कर खाकर गिर गई। स्कूल स्टाफ ने छात्रा को सरकारी अस्पताल पहुंचाने के बजाय परिजनों को सूचना देकर घर पहुंचा दिया। परिजन छात्रा को अस्पताल ले गए। बताते हैं कि छात्रा पढ़ने में मेधावी है, उसे अच्छे अंक की उम्मीद थी, लेकिन आस पूरी नहीं हुई।

### आंबेडकर सम्मान अभियान शुरू

मौदहा। भाजपा ने डा.भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान शुरू किया है, जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के संपूर्ण जीवन, देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को बताया जा रहा है।

कस्बे के गायत्री मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में महोबा जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि अंबेडकर ने जिस तरह समाज को जागरूक किया, उसी का नतीजा है कि हम जिला पंचायत अध्यक्ष बने। सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में असमानता और भेदभाव का सामना किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, प्रेमनारायण अनुरागी, प्रमोद वर्मा, साधना सिंह, सियाराम विश्कर्मा, मुकेश प्रजापति, हिमायू अली कबीर, उत्तम सिंह, बसन्त सोनी, अनूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मिर्जापुर में वकील की हत्या पर अधिवक्ता संघ में गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने व आर्थिक मदद की मांग

**अमृत विचार।** मिर्जापुर बार संघ के अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के विरोध में बुधवार को अधिवक्ता संघ ने जजी परिसर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया। इस दौरान बस स्टैंड के पास कुछ देर के लिए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने व मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम डीएम को ज्ञापन सौपा है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह व महामंत्री अश्विनी प्रजापति के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि मिर्जापुर बार एसोसियेशन के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की 12 अप्रैल को सुबह टहलते समय बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अधिवक्ता की हत्या से जनपद सहित प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में रोष और भय व्याप्त है। बताया कि इस घटना से पहले भी इस तरह की घटनाए हो चुकी है। उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर उक्त आरोपियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्यवाही करने व मृतक अधिवक्ता के परिवारजनों को एक करोड़ की आर्थिक मदद करने की मांग की है।इस मौके पर इंद्रपाल यादव, जयपाल, देव प्रकाश त्रिपाठी, विनोद कुमार, पीयूष कुमार नामदेव, पवन कुमार यादव, विमल गुप्ता, सतेन्द्र गोयल, अनुराग गोयल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मेधावियों को भाजपा नेता ने किया सम्मानित

चित्रकूट। राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बेड़ी पुलिया में बुधवार को भीमराव आंबेडकर जयंती विशेष संपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने छात्रावास एवं अभ्युदय कोचिंग के होनहार छात्रों को पुरस्कार दिए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी, सभासद शंकर यादव, अखिलेश रैकवार, राकेश नायक, संजय पांडेय, अनूप त्रिपाठी, सीपी पांडेय, माया देवी आदि मौजूद रहीं। इसी क्रम में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी कार्यक्रम हुए। कलचिहा में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और छात्रों से बातचीत की। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर में अभिलाष जायसवाल और आशीष ने दीप प्रज्ज्वलन किया। राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास मऊ में ओमप्रकाश मिश्रा ने विद्यार्थियों को बाबा साहेब का जीवन संघर्ष बताया।

### उद्यम कार्यशाला आज

चित्रकूट। उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि स्टार्टअप इंडिया के तहत आंकाक्षी जनपदों में इंटरप्रन्योरशिप, मेंटरशिप एवं कैपेसिटी बिल्डिंग के विकास के लिए तेजस पहल की शुरुआत की गयी है। इस क्रम में जिले में 16 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

### चोरों ने लाखों के जेवर व सामान किया पार

मऊ चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनी के मजरा भीटा में मंगलवार रात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। चोरों ने परमेश प्रसाद दुबे के घर का ताला तोड़कर अलमारी और बक्सों में रखे लाखों रुपये के जेवर और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। परमेश प्रसाद ने बताया कि यह घटना रात 12 बजे के बाद की है। परिवार के लोग रात 12 बजे तक जगे थे और उसके बाद सो गए थे। चोरों ने घर के ताले तोड़े और अलमारी व बक्सों में रखे कीमती सामान को चुराकर ले गए।

### सात केंद्रों पर होगी होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा

चित्रकूट। होमगार्ड के पदों के लिए इनरोलमेंट की तीन दिवसीय परीक्षा 25 अप्रैल से होगी। एडीएम चंद्रशेखर ने बताया कि इसके लिए जिले में सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एडीएम ने बताया कि लिखित परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक होगी। परीक्षा केंद्र एवं उसके आसपास 100 मीटर की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। केंद्र से न्यूनतम एक किमी की परिधि में फोटो कॉपियर एव स्कैनर का संचालन भी पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों से निर्देशों का पालन कराने और कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। सरधुआ थानांतर्गत एक गांव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी उमेश कुमार पुत्र राजकरण ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी की। विवेचना के क्रम में पीड़िता के मेडिकल, न्यायालय के समक्ष बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 74 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट का लोप करते हुए पॉक्सो एक्ट की बढोतरी की गई। एसआई अजहर जमाल ने वांछित को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी दीपेश कुमार शामिल रहे।

# थाना पुलिस कार्रवाई करती तो बच जाती बेटी की जान

## पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक ने लिया त्वरित एक्शन तब दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति की नाबालिग बेटी के साथ हुए गैंगरेप के मामले में थाना पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है। बिटिया के परिजनों का आरोप है कि आरोपियों के खिलाफ वे लोग लगातार थाने में गुहार लगा रहे थे और पुलिस उन पर लोकलाज की बात कहकर समझौते का दबाव बना रही थी।

गांव-मजरों में इस तरह के ज्यादातर मामलों में वादी पक्ष को डराधमका कर, लोकलाज का वास्ता देकर, कुछ दे दिवाकर शांत करा दिया जाता है। यह मामला भी शायद इसी तरह दबा दिया जाता अगर नाबालिग बेटी आत्महत्या न करतीं। अस्पताल में पीड़िता की बड़ी बहन का चीख चीखकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाना यह साबित करने को काफी था कि अभी भी गांव-मजरों में कितनी दबंगई है और थाना पुलिस की भूमिका को लेकर सवालिया निशान लगना यह साबित करता है कि अभी भी थानों में मानसिकता बदली नहीं है, चाहे कितने दावे किए जाएं। हालांकि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पूरे मामले में त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि हल्का प्रभारी से जानकारी ली गई तो उसने बताया कि बिटिया की मां ने तब आरोपियों पर सिर्फ रंग लगाने का आरोप लगाया था और मामले में किसी तरह की कार्रवाई कराने से इंकार किया था। एसपी ने बताया कि यह बात जीडी में भी दर्ज है। उन्होंने बताया कि पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। अगर थाना पुलिस की शिथिलता पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



एसपी अरुण कुमार सिंह।

### थाना प्रभारी ने रखा अपना पक्ष

- इस संबंध में थाना प्रभारी पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह ने पुलिस पर शिथिलता और कार्रवाई न करने के आरोपों से इंकार किया। उनका कहना था कि चार मार्च को मृतका की मां ने खुद बिटिया पर आरोपियों द्वारा रंग लगाने की ही बात बताई थी। इस पर पुलिस ने तीनों के घर दबिश दी थी। एसओ का दावा है कि तब मृतका की मां ने स्व हस्तलिखित दो पेज का सुलहनामा दिया था और कहा था कि हम कोई कार्रवाई नहीं चाहते। इसका वीडियो भी है। इसके बाद पुलिस ने कोई विधिक कार्रवाई नहीं की। हालांकि इस संबंध में पीड़िता के घरवालों का कहना है कि पुलिस ने दबाव बनाकर जबरन ऐसा लिखवा लिया था। घटना के बाद से आरोपियों के परिजन धमकी देते थे, ताना मारते थे।

### वही खा डारिन दहिजार

- पीड़िता की बड़ी बहन ने रोते हुए बताया कि होली के दिन हुई घटना के बाद से उसकी बहन गुमसुम रहती थी और किसी से कुछ नहीं बताती थी। आरोपियों ने उसे इतना डरा दिया था कि वह कुछ बोलती नहीं थी। जब कुछ पूछो तो रोने लगती थी। पुलिस एक दिन आरोपियों को बेड़े रही (थाने में बंद करे रही)। इसके बाद छोड़ दिया। उसने आरोप लगाया कि पुलिस ने पैसा लेकर आरोपियों को यह चेतावनी देकर गांव से बाहर भेज दिया कि छह महीने तक गांव न आना। वह यह कहकर रो पड़ी कि हमार बिटिया का खा डारिन दहिजार, का अब ये खुश रहिऐं।

### मेरी बेटी के साथ हुआ गलत काम

- पीड़िता के पिता ने आरोपियों के नाम लेकर बताया कि ये लोग होली वाले दिन उसकी बिटिया को जबरन पकड़कर ले गए थे। पानी भरने गई बिटिया जब देर तक नहीं लौटी तो उन लोगों ने पता लगाया। बिटिया एक खेत में निर्वस्त्र पड़ी थी और आरोपी भाग गए थे। उसने आरोप लगाया कि तीनों ने उसकी बिटिया के साथ दुराचार किया। जिससे ग्लानिवश और तनाव में आकर उसने अपनी जान दे दी। किशोरी एक कालेज में ग्यारहवीं की छात्रा थी। बताया जाता है कि आरोपी भी उसी कालेज में पढ़ते थे।

### पूर्व सीएम अखिलेश ने किया ट्वीट

- मामले के सुर्खियों में आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि भाजपा शासित उप्र के चित्रकूट में गैंरेप की पीड़ित एक दलित लड़की ने इसलिए फांसी लगाकर जान दे दी क्योंकि उसे न्याय नहीं मिला...। उधर, भाजपा के जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, सपा विधायक अनिल प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा अनुज यादव, मानसिंह आदि ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### गांव में तनाव, पुलिस तैनात

- घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। पूरे इलाके में इसी घटना को लेकर चर्चाएं हैं। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। उधर यह भी जानकारी मिली है कि पुलिस के हाथ मृतका की एक कापीनुमा डायरी मिली है, जिससे कई अन्य बातों के सामने आने की बात कही जा रही है।

### गंभीर धाराओं में दर्ज हुई रिपोर्ट

- मामले के सामने आने पर एसपी के निर्देश पर आननफानन में पहाड़ी थाने में आरोपियों पर गंभीर धाराओं पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन पर बंधक बनाने, सामूहिक बलात्कार, आत्महत्या के लिए उकसाने, चोट पहुंचाने, धमकी देने, शांतिभंग, पाक्सो एक्ट, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट की गई है। मामले की विवेचना सीओ राज कमल को सौंपी गई है।

# आगरा में भगवान परशुराम की मूर्ति में तोड़फोड़ पर भड़का आक्रोश

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के मानसधाम में बुधवार को हुई बैठक में आगरा में भगवान परशुराम की मूर्ति में तोड़फोड़ की भर्त्सना की गई। लोगों ने कहा कि इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि इस संबंध में उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि आवास विकास कालोनी आगरा के परशुराम चौक में विघटनकारियों ने भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम की मूर्ति में तोड़फोड़ कर अपमानित करने का घिनौना काम किया है। इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। भगवान परशुराम एक समाज के देवता नहीं है बल्कि उनका अपमान सनातन धर्म का अपमान है। विघटनकारियों ने वर्ग संघर्ष कराने की नीयत से यह काम किया है। ऐसे समाज द्रोहियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। परशुराम जन्मोत्सव कमेटी के संरक्षक सुनील मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों में भी आक्रोश की भावना है। किसी भी समाज के देवी देवताओं, महापुरुषों का अपमान समाज के लिए हितकर नहीं होता है। अराजक तत्वों के इस कुकृत्य की निंदा करते हुए ऐसे असामाजिक तत्वों को चिह्नित करके कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। तय किया गया कि गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। 15 दिन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अन्य समाज के लोगों को लेकर जनांदोलन करने पर विचार किया जाएगा। बैठक में भारतीय सवर्ण समाज के जिलाध्यक्ष रविंद्र पयासी, मनोज द्विवेदी, धीरेंद्र मिश्रा, गौरव द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, सत्यव्रत मिश्रा, अमित पांडेय, लवकुश पांडेय, प्रशांत तिवारी, अनिल त्रिपाठी, अशोक द्विवेदी, महेश पांडेय, रविकांत मिश्रा, प्रिंस त्रिपाठी, भानु द्विवेदी, ईशांत द्विवेदी, सोमनाथ अग्रवाल, मन्नू सोनी, विकास अग्रहरि, हिमांशु रहे।



बैठक को संबोधित करते नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने की बनाई रूपरेखा

### महंत के खिलाफ पूर्व सांसद ने पत्र भेजा

चित्रकूट। भाजपा के वरिष्ठ नेता भैरो प्रसाद मिश्र ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजकर वाल्मीकि आश्रम लालापुर के महंत भरतदास और उसके सहयोगियों पर कार्रवाई का अनुरोध किया है। पत्र में पूर्व सांसद ने कहा है कि लालापुर में आसावर माता का प्रसिद्ध मंदिर और वाल्मीकि आश्रम है। आरोप लगाया कि करीब सात वर्ष से एक कथित साधु भरतदास पुराने सभी साधुओं को भगाकर रह रहा है। यह एक-दो लोगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें भी गुमराह करता है। उन्होंने महंत और उसके सहयोगियों पर कार्रवाई का अनुरोध किया है।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला ग्वालियर (म.प्र.)**
**ओमदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर**

पत्रांक : सी.एम./वि.अधि./आशयहित विवाह (43) 2026 ग्वालियर दिनांक : 26 मार्च 2026

**विज्ञप्ति**

आवेदकगण आयुष कुमार सिंह पुत्र श्री राम सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी दरियागपुर रायबरेली उ.प्र. हाल निवासी सैयदिल मुस्सलीन, जैरा रोड, सोलंकी पैट्रोल पंप के पीछे, कुशवाह कालोनी, मुरैना म.प्र. एवं मोहनसिना आमरी अंसारी पुत्री श्री एम. आई. अंसारी 132/354 बाबु पुरवा टी.पी. नगर कानपुर उ.प्र. हाल निवासी डी-11, गार्डन होम्स सिटीसेंटर ग्वालियर म.प्र. द्वारा दिनांक 26.03.2026 को साक्षीगणों की उपस्थिति में विशेष विवाह अधिनियम 1954 आवेदन पत्र अधिनियम की धारा 11 के तहत घोषणा करते हुये आशयित विवाह हेतु धारा 5 के अन्तर्गत सूचना देकर तीन कलेन्डर मास के भीतर, अधिनियम के अधीन अनुष्ठापित होना आशयित दर्शाया गया है। अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन में वर एवं वधू द्वारा यह घोषणा की गई है कि आवेदकगण आवेदित दिनांक को अविवाहित है। वर द्वारा 21 वर्ष तथा वधू द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली गई है। उनकी आपस में कोई प्रतिषिद्ध नातेदारी नहीं है। यह भी घोषणा की गयी है कि दोनो पक्षकारों में से कोई भी पक्षकार चित्त-विकृति के परिणामस्वरूप विधिमान्य सम्मति देने में असमर्थ नहीं है।

2. यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपित्त हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति या शिकायत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी, ग्वालियर 474006, मध्य प्रदेश के कार्यालय में कक्ष क्रमांक 203 में दर्ज करा सकते है। नियत तिथि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत/आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर जिला मजिस्ट्रेट, विवाह अधिकारी, ग्वालियर, म.प्र.**


# भाजपा ने मानव श्रृंखला बना निकाली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाई। हस्ताक्षर अभियान चलाया और बाइक रैली निकाली।

कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ी है। जिला महामंत्री अंजू वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से समाज में समानता को बल मिलेगा और आने वाले समय में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और अधिक सशक्त होकर सामने आएगी। जब से भाजपा सरकार बनी तब से महिलाएं सशक्त हुई हैं। जिला उपाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि आबादी में 50 फीसदी भागीदारी रखने वाली मातृ शक्ति का सच्चे अर्थ में सम्मान इस सरकार में संभव हुआ है। जी 20 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया को यह एहसास कराया कि मातृशक्ति न केवल नीतियों में सहभागिता कर सकती हैं बल्कि नीति निर्धारण में अपने पद को भी सुरक्षित कर पाने में सक्षम हैं। इस मौके पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी अनिल यादव, राजेश्वरी द्विवेदी, अश्विनी अवस्थी, रवि गुप्ता, राखी चौबे, शकुंतला गुप्ता, साधना सिंह, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, प्रेमलाल वाल्मीकि, जवाहर सोनी, आशीष रघुवंशी आदि मौजूद रहे।



नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत श्रृंखला बनाए भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार





बेटे आदित्य को मिठाई खिलातीं मां रचना यादव। टॉपर वंशिका सिंह के साथ श्री जी स्कूल की प्रिंसिपल, डायरेक्टर और स्टाफ।

# श्री जी स्कूल की वंशिका को मिले 97.2 फीसदी अंक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की हाईस्कूल की परीक्षा में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा वंशिका सिंह को 97.2 फीसदी अंक मिले हैं। सेंट थामस स्कूल के छात्र आदित्य ने 97 फीसदी अंक पाए हैं।

श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टाप करने वाली छात्रा वंशिका वरिष्ठ अधिवक्ता बीडी पटेल की नातिन और पंकज पटेल की पुत्री हैं। इसके अलावा विवेक सिंह, अन्वेषा सिंह ने 96.2 प्रतिशत, शौर्य गुप्ता ने 95.8 प्रतिशत, अंकुर सिंह ने और अलविया इदरीश ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इनके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में नैंशी गुप्ता, आकर्ष गुप्ता, शिवांश साहू, आस्था, आरुषि सिंह, उज्जवल मिश्रा, हर्षिका सिंह, राजवीर सिंह, अंश गुप्ता, हिमांशु सिंह और अभिनव सिंह शामिल हैं। विद्यालय के चेयरमैन डा. सुरेंद्र अग्रवाल, निदेशक स्वप्निल अग्रवाल एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रधानाचार्या एस मुखर्जी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उधर, सभासद और सीआईसी में प्रवक्ता शंकर यादव और शिक्षिका रचना यादव के पुत्र आदित्य ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम किया है। वह सेंट थामस स्कूल का छात्र है। आदित्य वर्तमान में कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर के प्राचार्य राजेश बाबू ने बताया कि विद्यालय की छात्रा सृष्टि शुक्ला ने 95.83 प्रतिशत, अंजू देवी ने 95 व दिव्यांशी शुक्ला ने 94.17 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा यश पटेल ने 93.17, विष्णु कुमार और विष्णु यादव ने 92.5, रौनक ने 91.33, प्रथम कुमार ने 91.17, अमित कुमार ने 91 व आर्यन पांडेय ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।


**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं रिटायर्ड सिपाही मो0 फारूक सर्विस ना0 6455708 पुत्र मो0 मुस्तफा ग्राम-सैफुल्लागंज, थाना गोसाईगंज, तहसील सदर सुल्तानपुर, जिला सुल्तानपुर, का निवासी हूं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम SATIBUL NISHA व जन्मतिथि 13/07/1947 लिख गई हैं जबकि सही नाम SHAKIBUL NISHA व जन्म तिथि 13/07/1947 है।

**सूचना**

मो. नफीश पुत्र मो. हाशिम निवासी L 70 आवास विकास 1 कल्याणपुर कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल किराया किश्त अनुबंध पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा विधान जाएगा। मो. 9793893593

**NOTICE**

I, SUMAIRA MUJIBULLAH holder of Indian passport bearing the number S9760720 issued at Jeddah, Saudi Arabia on 30/10/2018, herewith declare that the correct spelling of my name is SUMAIRA MOJEEBULLAH.So, henceforth I will be called by my new correct name SUMAIRA MOJEEBULLAH by the date of this declaration. And also declare that the correct spelling of my father's name is only MOJEEBULLAH HAQIQULLAH,and the correct spelling of my mother's name is BUSHRAKHATOON.

**NOTICE**

I, SAIMA MUJIBULLAH holder of Indian passport bearing the number S9760719 issued at Jeddah, Saudi Arabia on 30/10/2018, herewith declare that the correct spelling of my name is SAIMA MOJEEBULLAH. So, henceforth I will be called by my new correct name SAIMA MOJEEBULLAH by the date of this declaration. And also declare that the correct spelling of my father's name is only MOJEEBULLAH HAQIQULLAH,and the correct spelling of my mother's name is BUSHRAKHATOON.

**NOTICE**

I, OMAIMA MUJIBULLAH holder of Indian passport bearing the number N8507506 issued at Jeddah, Saudi Arabia on 02/05/2016, herewith declare that the correct spelling of my name is OMAIMA MOJEEBULLAH. So henceforth I will be called by my new correct name OMAIMA MOJEEBULLAH by the date of this declaration. And also declare that the correct spelling of my father's name is only MOJEEBULLAH HAQIQULLAH.

**सूचना**

मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 946837693191 में त्रुटिवश उसका नाम राधा देवी अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तिविक नाम काव्या गुप्ता (KAVYA GUPTA) जन्मतिथि 05.09.2012 है। अत: उसके आधार कार्ड पर उसका वास्तविक नाम काव्या गुप्ता दर्ज किया जाए। भविष्य में उसे काव्या गुप्ता पुत्री बब्लू गुप्ता के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **बब्लू गुप्ता पुत्र स्व.ओम प्रकाश गुप्ता निवासी-554ग/11 दामोदर नगर, आलमबाग, लखनऊ**


किसान दिवस

कहा, पात्र तक योजनाओं का लाभ न पहुंचने पर होगी सख्त कार्रवाई

# जिलाधिकारी ने सुनीं किसानों की समस्याएं, दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस के दौरान किसानों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने अधिकारियों को आगाह किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र किसान तक पहुंचने में विलंब अक्षम्य होगा।

डीएम ने खाद उपलब्धता, चकबंदी, मंडी समिति, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत आपूर्ति तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना आदि के तहत शिकायतों के निस्तारण को भी जाना। जिलाधिकारी ने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ दलहन, ज्वार, बाजरा एवं मोटे अनाजों (श्री अन्न) की खेती पर विशेष ध्यान दें कि आयात पर निर्भरता कम हो सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। विद्युत बिलिंग से संबंधित विसंगतियों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को कैंप लगाकर समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया गया। अतरौली माफी गौशाला की स्थिति पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाएं इसके संचालन के लिए आगे आ सकती हैं। उन्होंने किसान यूनियन के सदस्यों से अपील की कि वे ग्राम पंचायतों में संवाद करें कि गोवंशों को खुला न छोड़ा जाए। रेहुटिया में नाला कटान की समस्या पर जिलाधिकारी ने सीडीओ को निरीक्षण कर मनरेगा के माध्यम से प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त प्रत्येक मामले का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण करें। बैठक में उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा, खाद्य एवं विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा और किसान संगठन के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को समस्याओं का ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

### फार्मर रजिस्ट्री का समय बढ़ाने की मांग

- इस दौरान कई किसानों ने डीएम से फार्मर रजिस्ट्री का समय कम होने की बात कही। समयसीमा बढ़ाने की मांग पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नियमित रोस्टर जारी किया जाए

- जिलाधिकारी ने किसानों की सुविधा के लिए मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल को ध्यान देने को कहा। निर्देश दिए कि ग्राम सचिवालयों में सचिव एवं लेखपाल की उपस्थिति का एक निश्चित रोस्टर/शेड्यूल जारी करें कि स्थानीय स्तर पर ही शिकायतों का समाधान हो सके।

### फसल बीमा संबंधी जांच के निर्देश

- डीएम को ग्राम पंचायत बियावल में फसल बीमा लाभ से वंचित 118 किसानों के प्रकरण की जानकारी दी गई। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। मऊ स्थित नवीन गेहूं क्रय केंद्र पर बोरों की अनुपलब्धता की शिकायत पर डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना (इटावा)**

पत्रांक- 12/न0पा0प0भ0/ठे0नी0/2026-27/26 दिनांक 13.04.2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भरथना (इटावा) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर में स्थित 03 नालों के पानी की बोली एवं मृत जानवरान व हड्डी खाल एवं गोबर खाद की नीलामी व सार्वजनिक व सामुदायिक कुल 05 शौचालयों के संचालन हेतु एवं पालिका कार्यालय में रखी हुई खराब सौर ऊर्जा की बैट्रियों की नीलामी हेतु बोली लगवाना चाहती है। अत: जो भी इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार/आदि पालिका की नियम व शर्तो के अनुसार बोली लगाने का इच्छुक हो वह नगर पालिका परिषद, भरथना के कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त जानकारी प्राप्त कर आवेदन पत्र क्रय कर दिनांक: 22.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे अपनी बोली लगा सकते है। बोली स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। अन्य नियम व शर्ते एवं जानकारी पालिका कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं। उक्त नियत समय के उपरान्त किसी भी बोली / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिषाशी अधिकारी** — न0पा0परि0 भरथना इटावा।

**अध्यक्ष** — न0पा0परि0 भरथना इटावा।

